तेरी हो रही जय जयकार

तेरी हो रही जय जयकार, मईया आ जाओ,
तेरी महिमा अपरम्पार, मईया आ जाओ,
तेरी हो रही जय जयकार, मईया आ जाओ।।

मईया मेरी शेरावाली, मईया मेरी ज्योतावाली,
मईया मेरी पहाड़ावाली, मईया मेरी मेहरावाली,
हो करके शेर सवार, मईया आ जाओ,
तेरी हो रही जय जयकार, मईया आ जाओ,
तेरी महिमा अपरम्पार, दर्श दिखा जाओ।।

चने हलवा का भोग लगाऊ, लाल चुनरियां तुम्हे उड़ाऊ,
ध्वजा नारियल तुमको चढ़ाऊ, पान सुपारी तुमको चढ़ाऊ,
तुम रखने हमारा मान, मईया आ जाओ,
तेरी हो रही जय जयकार, मईया आ जाओ,
तेरी महिमा अपरम्पार, दर्श दिखा जाओ।।

दुर्गा रूप में आजा मेरी मईया, काल रूप में आजा मेरी मईया,
पापियों को मार मिटाजा मेरी मईया, दुष्टो को मार मिटाजा मेरी मईया,
कहे बिटिया प्रियंका आज, कष्ट मिटा जाओ,
तेरी हो रही जय जयकार, मईया आ जाओ,
तेरी महिमा अपरम्पार, दर्श दिखा जाओ।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24125/title/teri-ho-rahi-jai-jaikar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |